# पर्यायवाची शब्द

↳ अन्य नाम-: समानार्थी शब्द

पर्याय + वाची

(अर्थ) ↓ ↓ (अर्थ)

समान बोले जाने वाले शब्द

**उदाहरण :**

(1) गंगा का जल पवित्र होता है।

(2) बादल नीर बरसा रहे हैं।

(3) शेर पानी पी रहा है।

**सूर्य :** सूरज
भानु
रवि, दिनेश
भास्कर, अंशुमाली
दिनकर, आदित्य
दिवाकर, प्रभाकर

**परिभाषा :** ऐसे शब्द जिनके अर्थ एक समान होते हैं, वे शब्द 'पर्यायवाची व समानार्थी शब्द' कहलाते हैं।

अथवा

→ जब भिन्न-भिन्न शब्दों का अर्थ समान निकलता है, वे शब्द पर्यायवाची व समानार्थी शब्द कहलाते हैं।

**उदाहरण :** रात → निशा, रात्रि, रजनी, तमिस्रा, विभावरी, यामिनी, निशीथ, त्रियामा आदि।

Trick

पानी → जल, नीर, तोय, पय, वारि, अंबु, सलिल, जीवन, मेघपुष्प आदि।

(1) पानी + द, धर → बादल
↳ नीरद, जलद, जलधर,

(2). पानी + ज → कमल
↳ पंकज, नीरज, जलज, सरोज

(3). पानी + धि, निधि → समुद्र
↳ पयोधि, जलनिधि, नीरनिधि

(4) आँख + पानी के पर्याय जोड़ने पर → आँसू के पर्याय बनते हैं।

(1) आम → रसाल, अतिसौरभ, सहकार, आम्र, अमृतफल, अंब, फलश्रेष्ठ फलराज।

(2) आकाश → व्योम, नभ, गगन, द्यौ, अंबर, अंतरिक्ष, अनन्त, अभ्र आसमान, दिव, शून्य।

(3) आँख → अक्षि, नयन, दृग, नेत्र, लोचन, चक्षु विलोचन, दृष्टि, प्रेक्षा, अम्बक, चख, प्रेक्षण, दीदा

(4) आँगन → अजिर, प्रांगण, बगर, बरामदा

(5) अरुण → सूर्य, सूर्य का सारथी, बिम्बाफल, सिन्दूर, लाल।

Q1 राम मातीजी के लिए आम लाया रेखांकित शब्द का पर्यायवाची निम्न में से कौन-सा नहीं है?

(A) अमृतफल (B) पिकबंधु (C) आम्र (D) मेघपुष्प (✓)

(6) अनाज → शस्य, अन्न, दाना, धान्य, गल्ला।

(7) अग्नि → पावक, अनल, कृशानु, दहन, आग, वह्नि, वायुसखा, हुतासन, धूमकेतु, धनन्जय, ज्वलन, ज्वाला, वैश्वानर

(8) अनाथ → बेसहारा, निराश्रित, यतीम, दीन, नाथहीन।

(9) अँधकार → तम, अँधेरा, तिमिर, अंधियारा, तमस।

(10). आसक्ति → अनुरक्ति, लगाव, स्नेह, लिप्तता, मोह, प्रेम, अनुराग, प्रणय, प्रीति।